लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष, दशमी 10.30 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2079

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 4, पृष्ठ 16, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, शनिवार, 19 नवंबर 2022

PAGE NO:04 TOP

श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में जेस्ट 2022 के समापन पर स्टार नाइट रात 8 :00 बजे

PAGE NO:09 BOTTOM

आयोजन एसआरएमएस सीईटी में दो दिवसीय जेस्ट- 2022 'परिवर्तन एक चक्र' का रंगारंग आगाज

परिवर्तन अच्छे के लिए होता है, स्वीकार करें

अमृत विचार, बरेली

श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में टायरो क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम जेस्ट- 2022 'परिवर्तन एक चक्र' का शुक्रवार की रंगारंग शुरुआत हुई। इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व मंत्री स्व. श्रीराममूर्ति की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और शतिक सभागार में फीता काटकर, दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का आरंभ किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि परिवर्तन एक चक्र है। यह हमेशा अच्छे के लिए ही होता है। इसे सहर्ष स्वीकार कर सभी को अपनाना चाहिए। आप सब भी इसको समझ कर इसके

एसआरएमएस सीईटी में मंचन करते कलाकार।

अनुसार ही अपने कार्य को अंजाम दिया करें। सांस्कृतिक कार्यक्रमों से ही विद्यार्थियों में टीम भावना आती है। इसी को ध्यान में रखते हुए 27 वर्ष पहले विद्यार्थियों द्वारा संचालित टायरो क्लब स्थापित किया गया था। इसे जेस्ट और अन्य कार्यक्रमों के आयोजन की जिम्मेदारी दी गई थी, तब से आज तक सफलतापूर्वक कार्यक्रम हो रहे हैं। इनमें एसआरएमएस ट्रस्ट के बरेली उन्नाव और लखनऊ स्थित समस्त तकनीकी एवं प्रबंधन महाविद्यालयों के 900 से ज्यादा विद्यार्थी हिस्सा ले रहे

- चेयरमैन देवमूर्ति ने जेस्ट 2022 की थीम परिवर्तन एक चक्र को समर्पित करने को सराहा
- पहले दिन 21 स्पर्धाओं के एकल और समूह वर्ग में चार सौ से ज्यादा छात्रों ने हिस्सा लिया

हैं। उन्होंने बताया कि इसका समापन संस्थान के एकेडमिक ग्राउंड में 19 नवंबर को शाम 6.30 बजे स्टार नाइट से किया जाएगा। इस दौरान चेयरमैन देवमूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति सहित अन्य ने विद्यार्थियों द्वारा हैरी पॉटर थीम पर बनाई गई आर्ट गैलरी को देखा। इसके बाद ऑडिटोरियम में पहले दिन 21 स्पर्धाओं के एकल और समूह वर्ग में चार सौ से ज्यादा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल ने उन्हें देखा और अंक दिए।